# राजकीय कार्यालयों के कार्य ई-फाईलिंग से हो सम्पादित : जिला कलक्टर

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए विभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग करते हुए गति प्रदान करने के निर्देश दिए।



जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का लाभ धरातल पर मिले इसके लिए संबंधित अधिकारी समन्वय और टीम भावना से कार्य करें। सभी अधिकारी बजट घोषणा, सांसद, विधायक संबंधित भूमि आवंटन संदर्भ में अपने आवश्यक दस्तावेज भेजना सुनिश्चित करें। विभागीय बजट घोषणाओं में प्रगति लाने के संबंधित अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने महत्वपूर्ण मामले, बजट घोषणा संबंधित मुद्दों और प्रगति रिपोर्ट एडीएम सिटी को साझा करें। उन्होंने पीएचईडी को शेष हैंडपंप लगाने हेतु भूमि आवंटन प्रस्ताव शीघ्र भेजकर कार्य शुरू करवाने को कहा। उन्होंने नगर निगम, बीडीए और पशुपालन विभाग अधिकारी को आगामी 27 सितम्बर से शुरू होने वाले श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला के आयोजन स्थल पर वर्षा जल निकासी हेतु ड्रेनेज सिस्टम को लेकर व्यापक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सरकार के दिशानिर्देशानुसार राजकीय कार्यालयों में सभी तरह के कार्य ई-फाईलिंग के जरिए ही सम्पादित किए जाएं। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें की कोई भी कार्य ऑफलाइन संपादित नहीं हो। उन्होंने विभागवार राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले परिवादों का समयावधि से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक समस्या का अध्ययन कर परिवादी को वास्तविक रूप से समस्या निराकरण के साथ जबाब भिजवाया जाए। उन्होंने 30 दिन से अधिक लम्बित प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी निस्तारित समस्याओं के संतुष्टि लेवल के नियमित रूप से जांच कर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने पीडब्लूडी अधिशाषी अभियंता को सेवर ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण एवं ब्राण्डिंग विकास कार्य को शीघ्र पूर्ण करने एवं जनाना तथा आरबीएम अस्पताल में शौचालय के बाहर लीकेज की समस्या निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरबीएम अस्पताल के भूमि पट्टा प्रकरण हेतु बागवानी, बीडीए सचिव और सीएमएचओ को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद सीईओ को कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में घुमंतु एवं भूमिहीन परिवारों के सर्वे कर पट्टे जारी करने के लिए सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी और पटवारी के साथ मिलकर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमएजीवाई पोर्टल पर 23 चयनित ग्रामों की ग्राम विकास योजना बनाने हेतु निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बाबा साहब अम्बेडकर आदर्श ग्राम योजना में चयनित ग्राम खेडाठाकुर में बरसात होने पर ज़र्जर, क्षतिग्रस्त हुए स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को लिया जाकर इनका पुनः मरम्मत या निर्माण कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नाली, नालों पर हो रहे अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित उपखंड अधिकारी मौका निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

**■ पीएमएजीवाई पोर्टल पर 23 चयनित ग्रामों की ग्राम विकास योजना बनाने हेतु निर्देश दिए**

जिला कलक्टर ने नवजीवन योजनान्तर्गत नगर निगम आयुक्त, बीडीए, सीईओ और समाज कल्याण अधिकारी परस्पर कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सेवा सहकारी समिति खाद, बीज वितरण करने के लिए कृषि विभाग के माध्यम से लाइसेंस प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एमएसजे कॉलेज परिसर में संचालित युवा साथी केंद्र के कमरों का रंगरोगन करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईसीडीएस विभाग अपने सुपरवाइजर की मदद से बरसात से क्षतिग्रस्त, लीकेज, जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति जांच या सर्वे कर सूची बनाकर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग करने के लिए अभियान से जुड़े संबंधित अधिकारियों का वॉट्सअप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निदेशक घना मानस सिंह, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, सचिव बीडीए नीलिमा तक्षक, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा, उच्चैन भारती गुप्ता, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत रामहेत मीणा, अधीक्षण अभियन्ता सानिवि आरसी मीना आदि मौजूद रहे।

## कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

भरतपुर, (निसं)। लघु उद्योग भारती, भरतपुर इकाई की मासिक कार्यकारिणी बैठक चामड प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग इंडस्ट्रीज, 94 पुराना औद्योगिक क्षेत्र, भरतपुर में बजे आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. प्रेम सिंह कुंतल ने की।

बैठक में मोहन बंसल, देवेंद्र चामड़, सुनील प्रधान, नरेश शर्मा, विवेक अठावाल, धीरज सिंह एवं सचिव राहुल बंसल सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निम्न प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, पिछली बैठक की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

बैठक में बताया गया कि लघु उद्योग भारती भरतपुर द्वारा लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 12 अगस्त 2025 को आयोग को पत्र लिखकर भरतपुर जिले को एनसीआर में लागू जीआरएपी नियमों से छूट देने की अनुशंसा की है।रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में भरतपुर का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स क्रमशः 152, 127 और 88 रहा है, जो मॉडरेट श्रेणी में आता है। यह स्पष्ट किया गया कि भरतपुर की औद्योगिक गतिविधियों से दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। बैठक में उम्मीद जताई गई कि भरतपुर को इन प्रतिबंधों से छूट मिलने पर स्थानीय उद्योगों को बड़ी राहत मिलेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से हुई बैठक में लंबित सरकारी देयकों का मुद्दा उठाया गया। सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने क्षेत्र के उद्योगपतियों को गूगल फॉर्म के माध्यम से बकाया भुगतान का विवरण भरने के लिए प्रेरित करें।

## सार-समाचार

### सहायक लेखाधिकारी का किया स्वागत



रूपवास, (निसं)। कस्बे के स्टेशन रोड स्थित उपजिला अस्पताल में होरीलाल मीना सहायक लेखाधिकारी को संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि बनने पर बीसीएमओ डॉ लखन सिंह की अध्यक्षता में स्वागत व सम्मानित किया गया। होरीलाल मीना को राजस्थान अकाउंट संगठन के एवं संस्थान के कर्मठ एवं वरिष्ठ लेखा सेवा सहायक लेखाधिकारी द्वितीय कार्यकर्ता द्वारा प्रांतीय प्रतिनिधि पद पर जीतने पर उपजिला अस्पताल परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ लखन सिंह बीसीएमओ, डॉ नितिन कुमार अरोड़ा, डॉ निवि दीक्षित, एसएनओ इंद्रजीत कौर, नरेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, राहुल कटारा, पपेंद्र छाबड़ी, उमाशंकर उपाध्याय, राजेश मीणा, गुलाब सिंह, शोभावती, सोनी कुशवाह, रूबी, मीरा देवी, पियूष कुमार, पुष्पेंद्र गौड़, जयपाल, विजय राज अंबेश, मिथलेश, निक्की, अजीत सिंह, राकेश कुमार, विष्णु कुमार, नरेश रेडियो ग्राफर, जसवंत, अमरसिंह, इंद्रा यशोदा, ईश्वरी प्रसाद नर्सिंग एसोसिएशन के प्रभारी एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ, समस्त एएनएम स्टाफ समस्त चिकित्सकीय वर्ग प्रभारी एवं लैब स्टाफ आभार अश्वनी शर्मा, सुमन देवी, पंकज प्रताप सिंह ने माला पहनाकर, साफा बांधा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

### कौशल प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

करौली, (निसं)। विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने आज करौली जिले के हिंडौन सिटी स्थित प्रेरणा फिलिंग स्टेशन स्किल सेंटर का निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से संवाद कर उनके अनुभव जाने और उन्हें प्रोत्साहित किया साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में नए अवसर सृजित कर रही है तथा कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से युवा शक्ति को भविष्य के उद्यमी एवं राष्ट्र निर्माण की धुरी बनाने का संकल्प है। विश्वकर्मा कौशल बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि राज्य सरकार प्रत्येक गावं और ढाणी के निचले पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है और इसके लिए अनेक योजनाएं संचालित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर रोजगार के विभिन्न अवसर प्रदान कराये जा रहे है।

### खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

करौली, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, करौली में तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य नत्थू सिंह राजपूत के द्वारा करते हुए उन्होनें विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया। तथा मेजर ध्यान चन्द के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. प्रीतम सिंह ने खेल एवं स्वास्थ्य पर व्याख्यान देते हुए खेलों का मनुष्य के स्वास्थ्य पर होने वाले सकारात्मक प्रभावों का उल्लेख किया। इसी प्रकार सुश्री शुचि मीना ने मेजर ध्यान चन्द की जीवनी के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए खेलों के द्वारा होने वाले मनुष्य के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास के बारे में बताया। तीन दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिता छात्र/छात्राओं को प्राचार्य एवं प्रोफेसर दामोदर लाल मीना,प्रोफेसर सीताराम खण्डेलवाल, प्रोफेसर गोरे लाल मीना के द्वारा शिल्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। उक्त कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. जगदीश मीना द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य डॉ. ओम प्रकाष, डॉ. जितेन्द्र पाकड, डॉ. महेन्द्र सिंह, रामकेष मीना, सुश्री संजना, सुश्री सुमन गुर्जर, कैलाष चन्द्र आदि उपस्थित रहें।

### बिगनर कोर्स का हुआ आयोजन

करौली, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट में गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में जिला मुख्यालय करौली पर एक दिवसीय बिग़नर कोर्स का आयोजन किया गया। राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में स्थानीय संघ करौली के साठ से अधिक संभागियों ने भाग लिया।सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश कुमार सारस्वत ने बताया कि शिविर का आयोजन सर्किल ऑर्गनाइजर स्काउट अनिल कुमार गुप्ता के मुख्यातिथि में सम्पन्न हुआ, उपस्थित संभाग्यों को संबोधित करते हुए सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि बालक बालिकाओं में अच्छे संस्कार और चरित्र निर्माण में स्काउट गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका है शैक्षिणक गतिविधियों के रूप में स्काउट गाइड गतिविधियों से सभी बच्चों को जोड़ा जावे उन्होंने शिक्षकों का आव्हान किया कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है अच्छे नागरिक तैयार करने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है स्काउट व गाइड गतिविधियां श्रेष्ठ नागरिक के निर्माण में उपयोगी हैं अतः विद्यालयों में स्काउट गाइड गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सी ओ गाइड निरमा मीणा ने बालिकाओं को गाइड गतिविधियों से जोड़ने हेतु प्रोत्साहित किया।

### फैंसी ड्रेस व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

भरतपुर, (निसं)। जय हिंद पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रांगण में फैंसी ड्रेस वह मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिस अवसर पर विद्यालय के बच्चों मैं एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाकर प्रथम द्वितीय व ततीय स्थान प्राप्त किया। तथा फैंसी ड्रेस कंपटीशन में विभिन्न बच्चों द्वारा सुदामा, राधा कृष्ण, महात्मा गांधी, झांसी की रानी, लक्ष्मीबाई, भगत सिंह आदि के भिन्न किरदार निभाए।

## 'फेंकों मत हमें दो' अभियान के पोस्टर का विमोचन

करौली, (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक आशीष बंसल ने बताया कि अनचाहे नवजात शिशुओं को सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से पालनास्थल पर ही शिशु परित्याग की अपील की गई है।

जिला कलक्टर करौली नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक बैठक में 'फेंको मत हमें दो' अभियान के अंतर्गत पोस्टर का विमोचन किया गया। जिला कलक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया कि वे अपने स्तर से आमजन को जागरूक करें तथा अभियान को सफल बनाने में अहम योगदान दें। उन्होंने निर्देश दिए कि विमोचित पोस्टर को अपने-अपने कार्यालयों के बाहर चस्पा करें, जिससे विभागों में आने वाले लोगों को इसके बारे में जानकारी मिल सके। पोस्टर के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि वे अनचाहे नवजात को कचरे, नदी, नाले, मंदिर या जंगल में नहीं फेंके, बल्कि उन्हें सुरक्षित रूप से पालनागृह में छोड़ें। सहायक निदेशक ने बताया कि पालनास्थल पर छोड़े गए शिशु को केन्द्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण की प्रक्रिया के तहत किसी योग्य परिवार को सौंपा जाता है। इससे शिशु का जीवन सुरक्षित होता है और वह किसी का संतान बनकर पनपता है। उन्होंने बताया कि शिशु का सुरक्षित परित्याग राजकीय शिशुगृह (वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास, करौली) एवं राजकीय सामान्य चिकित्सालय, मंडरायल रोड, करौली स्थित पालनास्थल में किया जा सकता है। शिशुगृह के प्रबंधक प्रवीण गुर्जर ने बताया कि जिन दम्पत्तियों की कोई जैविक संतान नहीं है, वे केन्द्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण के पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं या राजकीय शिशुगृह, वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास, करौली में संपर्क कर सकते हैं। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक आदि मौजूद रहे।

## 'धरती की रक्षा शाकाहार से ही संभव'

भरतपुर, (निसं) पुरानी कहावत है जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अर्थात् जो मनुष्य किसी जीव की हिंसा कर मांस के टुकडों से अपना पेट भरता है उसकी प्रवृत्ति हिंसक हो जाती है वहीं शाकाहारी व्यक्ति निरपराध प्राणियों के प्रति दयालु रहता है। यही करण है कि आज मांसाहार करने वाले अनेक देशों में निरर्थक युद्धों द्वारा मृत्यु का तांडव किया जा रहा है।

उक्त विचार अमेरिका स्थित भारतीय राजदूतावास में प्रथम सांस्कृतिक राजनयिक एवं भारतीय संस्कृति शिक्षक रहे डॉ. मोक्षराज ने जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा भरतपुर के पूर्व प्रधान सत्यदेव आर्य के कृष्णानगर स्थित आवास पर रथयात्रा सम्मान कार्यक्रम में व्यक्त किए। डॉ. मोक्षराज ने कहा कि मानव धरती की जीव शृंखला को नष्ट कर अनेक प्राणियों की प्रजातियाँ समाप्त कर रहा है जिसके कारण मनुष्य के लिए उपयोगी प्राकृतिक संसाधन कम हो रहे हैं, यह उसकी हिंसक व स्वार्थी मानसिकता का परिणाम है। इससे मानव जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

## शिक्षक संघ ने सीएम के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। सोमवार को प्रदेश के आव्हान पर राजस्थान शिक्षक संघ(अम्बेडकर) करौली के जिलाध्यक्ष विष्णु मण्डल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सीएम ,शिक्षा मंत्री के नाम डीएम को 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि शिक्षा विभाग के समस्त कार्यालयों में 1997से रोस्टर रजिस्टर संधारित किया जाए,रोस्टर के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लायजन अधिकारी नियुक्त किया जावे,पद आधारित रोस्टर लागू किया जाए, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों को छात्रवृति महंगाई सूचकांक के आधार पर वृद्धि की जाए एवं आय सीमा ईडब्लूएस की भांति 8लाख की जाए,आरक्षित वर्ग के कार्मिकों को उनकी स्वयं वरिष्ठता में वरीयता होने के बावजूद वंचित किया जा रहा है उन्हें वरिष्ठता अनुरूप पदोन्नित दी जाए ,तृतीय श्रेणी अध्यापकों की पदोन्नित न्यायालय निर्णय के अधीन मानते हुए अस्थाई पदोन्नित दी जाए कला ,वाणिज्य एवं कृषि स्नातक पद सीमित होने से पदोन्नित में पिछड़ रहे है उन्हें प्रधानाध्यापक प्राशि या हैड टीचर पद पर पदोन्नित दी जाए वाइस प्रिंसिपल को दो सत्र 2023-24,24-25 ,व्याख्याता तीन सत्र एवं प्रधानाचार्य पद की डीपीसी एक सत्र की लंबित है की डीपीसी की जाए तथा वाइस प्रिंसिपल कैडर को पुनः बहाल किया जाए,स्थानांतरण की स्थाई नीति बनाई जाए एवं पिछले 7वर्षों से तृतीय श्रेणी अध्यापकों (टीएसपी से नॉन टीएसपी) के स्थानांतरण नहीं किए उनके स्थानांतरण किए जाए तथा असाध्य रोग से पीड़ित कार्मिकों को प्रतिनियुत कर उन्हें राहत दी जाए,नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम निर्धारण समिति में एसटी, एस सी को प्रतिनिधित्व दिया जाए,एसटी एससी महापुरुषों की जीवनी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष,संविधान निर्माण में उनका योगदान को स्थान दिया जाए,कक्षा 5 भाग 3 में वीरांगना काली बाई का अदम्य साहस जो हटा दिया है उस पाठ को पुनः जोड़ने की संगठन मांग करता है8 ,गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों (बीएलओ,ई ग्राम प्रभारी )से मुक्त रखा जाए, पातेय वेतन पर कार्यरत प्रधानाध्यापकों (प्राशि) को नियुक्ति तिथि से नोशनल वरिष्ठता प्रदान की जाए ,तृतीय श्रेणी अध्यापकों 207 -8 की वेतन विसंगति दूर की जाए,शिक्षा विभाग के कार्मिकों को 9,18,27 के स्थान पर 8,16,24,32वर्ष पर वित्तीय अपग्रेडेशन का लाभ दिया जाए,सेवारत शिक्षकों की बीएड इंटर शिप अवधि को सेवा मानकर वेतन भुगतान किया जाए, आरपीएससी व्याख्याता भर्ती में सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्र में न्यूनतम अंक की बाध्यता को समाप्त कर पूर्व की भांति दोनों प्रश्न पत्रों के अंकों को जोड़कर वरीयता बनाई जाए।

## डॉ. गुप्ता को मिला उदय सिंह स्मृति सम्मान

भरतपुर, (निसं)। ब्रज क्षेत्र की जानी-मानी एवं ब्रज साहित्य की प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक 'बृजवानी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था' कामवन जिला डीग में स्थित 33वें स्थापना दिवस समारोह के तहत आयोजित कार्यक्रम में 'श्री उदय सिंह मीणा स्मृति पुरस्कार' से एम.एस.जे.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यरत हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता को इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया।

प्रो. डॉ. गुप्ता ने बताया कि उन्हें इस पुरस्कार में सम्मानजनक नगद राशि, श्रीफल, सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, कामवन की आकर्षक तस्वीर, शॉल, मोतियों की माला, पटका, साफा, पुस्तकें आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें कामां में स्थित तीर्थ राज विमल कुंड, श्री हरि कृपा आश्रम में स्वामी हरि चौतन्य महाप्रभु एवं नर्सिंह मंदिर, कामवन के पीठाधीश धनंजय दास महाराज के सानिध्य में उमाशंकर शर्मा की अध्यक्षता एवं खेमराज खंडेलवाल, शिखरचंद जैन, पुरस्कार प्रदाता बीना वर्मा पूर्व उपनिदेशक के विशिष्ट आतिथ्य में प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर भरतपुर के अन्य साहित्यकारों में ओमप्रकाश आजाद को ब्रजभाषा रत्न, डॉ.सुरेश चतुर्वेदी सुमनेश को शीला देवी सोनी स्मृति सम्मान, मधुशाला प्रकाशन के साहित्यकार सी.एस.कृष्णा को भी इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ.गुप्ता ने संस्था के अध्यक्ष दुलीचंद लोधा, कार्यक्रम संयोजक मुकुट बिहारी शर्मा एवं मंत्री कमल सिंहश्कमलश् का आभार व्यक्त करते हुए एवं पुरस्कार से गौरवान्वित होकर कहा कि संस्था द्वारा ब्रजभाषा के उत्थान हेतु सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। पुस्तक विमोचन एवं काव्य सृजन का यह पटल बहुत ही प्रशंसनीय है।यह स्थान लेखन सृजन का एक पुनीत क्षेत्र है।

## बाल कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन

भरतपुर, (निसं)। लक्ष्मण मंदिर के निकट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज में भागवत कथा के पंचम दिवस वृन्दावन से पधारे आलोक कृष्ण गोस्वामी महाराज ने कथा के संदर्भ में चर्चा करते हुए बाल कृष्ण लाल की ब्रज लीलाओं का वर्णन किया। आपने बताया कि भगवान मथुरा से गोकुल पहुँचे तब वहां पूतना वध की लीला प्रभू ने सम्पन्न की। समस्त ब्रह्मांड को आकर्षित करने वाले भगवान श्रीकृष्ण को आकर्षित करने वाला श्रीधाम वृन्दावन, वृन्दावन में प्रभु आनन्द में बाल लीलाओं का आनन्द ले रहे हैं। श्री दामा की गेंद भगवान के द्वारा यमुना में गिरी और श्री कृष्ण ने स्वयं छलांग लगाकर कालिया नाग का मान हनन किया और यमुना को प्रदूषण से मुक्त किया।

## दाक्षायणी से दक्षिणा मूर्ति प्रिया पुस्तक का हुआ विमोचन

भरतपुर, (निसं)। सेवानिवृत सर्जन डॉ. डीडी गोयल द्वारा रचित दाक्षायणी से दक्षिणा मूर्ति प्रिया पुस्तक का विमोचन हुआ। विमोचन सिद्ध पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी कौशल किशोर महाराज एवं चौतन्य संप्रदायाचार्य आलोक कृष्ण गोस्वामी ने किया।




सेवानिवृत सर्जन डॉ. डीडी गोयल द्वारा रचित दाक्षायणी से दक्षिणा मूर्ति प्रिया पुस्तक का विमोचन हुआ।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सती मोह कथा का प्रसंग आज के समय में काफी प्रासंगिक है। क्योंकि आज के समय में जो पारिवारिक कलह और हिंसा की जो खबर आ रही हैं। वह विशेष चिंतनीय हैं। गृहस्थ जीवन का आधार विश्वास और समर्पण होता है। वैदिक धर्म और भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के संबंध/गठबंधन को जन्म जन्मांतर की मान्यता दी गई है। इसलिए पति-पत्नी के बीच कभी कपट नहीं रहना चाहिए। संशय और अविश्वास गृहस्थ जीवन को बिखेर देते हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम सोशल मीडिया पर पति-पत्नी के संबंधों को लेकर जो लंपटता से भरी रील चलती है उनका बहिष्कार और विरोध करें। साथ ही पति-पत्नी और परिवार के बीच मन में कभी संशय तो उसका तत्काल निवारण होना चाहिए। अतिथि डा. कौशल किशोर जी ने पुस्तक की विवेचना करते हुए कहा कि सती जी ने अपने पिता द्वारा अपने पति के अपमान को सहन नहीं कर पाने के कारण यज्ञ कुंड में भस्म कर लिया। जो उनके पति के प्रति गहरे प्रेम का सूचक है। इधर, शिव जी भी अनुपम अनुरागी हैं। इस पुस्तक में सती-शिव-पार्वती के बीच जिस पौराणिक अलौकिक प्रेम और समर्पण कथा को सरस ढंग से लिखा गया है। वह प्रेरणादायी है। हम सब को इसे पढ़ना चाहिए और समर्पण को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहिए। अतिथि आलोक कृष्ण में के गोस्वामी जी ने कहा कि जीवन भाव ही मुख्य है। ब्रज में भगवान प्रति भाव प्रधान है। सभी को कृष्ण जी गोपी भाव से आराधना करनी चाहिए। लेखक डॉ. डीडी गोयल ने दाक्षायणी से दक्षिणा मूर्ति प्रिया शब्दों की व्याख्या की और पुस्तक परिचय दिया। पूर्व मंत्री एवं विधायक सुभाष गर्ग ने ऐसे आयोजनों पर बल दिया। कार्यक्रम में शिक्षाविद् वासुदेव गुप्ता ने कहा कि एक चिकित्सक द्वारा पुस्तक लिखना शुभ संकेत है। संचालन प्रो. अशोक गुप्ता, प्रो. लालाशंकर गयावाल एवं विनोद सिंघल ने किया। आभार सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. मिथलेष अग्रवाल ने जताया। कार्यक्रम समापन पर भगवान श्रीराम की आरती हुई। इस मौके पर समाजसेवी मोहन मित्तल, अग्रवाल महासभा जिलाध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, भाजपा नेता गिरधारी गुप्ता, देवेंद्र चामड आदि मौजूद रहे।

## राधा-कृष्ण की छठा बिखेरी

भरतपुर, (निसं)। श्री गजानन सेवक ट्रस्ट एवं लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर के संयुक्त तत्वावधान में श्री राधा अष्टमी पर श्री राधा प्राकट्ययोत्सव के उपलक्ष्य में श्री राधा नाम संकीर्तन की महिमा का भजन गाकर गुणगान किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता अशोक ताम्बी ने बताया कि यहाँ पुराना बयान बस स्टैंड स्थित संगम मैरिज होम प्रांगण में सजे गणपति पंडाल में महिला श्री गजानन महिला मंडल की महिलाओं ने राधा नाम के भजन गाए एवं नृत्य कर श्री राधा के जन्मोत्सव की खुशी जाहिर की। इस दौरान नेहा खंडेलवाल ने कृष्ण रूप एवं कृषिका और रिचा ने राधा रूप में श्रंगार कर सज धज कर राधा-कृष्ण की छठा बिखेरी। श्री राधा-कृष्ण स्वरूप के साथ ट्रस्ट की महिलाओं ने महारास कर सामुहिक नृत्य किया तो पांडाल राधे कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। अन्य बच्चे भी राधारूप में सजकर पांडाल में आये और राधा नृत्य किया। टॉफी, खिलौने एवं फूलों की छैल लुटाई गई।ट्रस्ट की ओर से सभी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए एवं कृष्ण के लिए नेहा को प्रथम, राधा के लिए कृषिका को द्वितीय एवं ऋचा को तृतीय पुरस्कार देकर ट्रस्ट की महिलाओं ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन खुशी अंकुर,शालिनी ताम्बी,श्वेता विपुल एवं बबीता शेखर ने किया।इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज फौजदार, सचिव विपुल खण्डेलवाल आदि मौजूद रहे।

## समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित

करौली, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि बरसात के मौसम एवं विधानसभा सत्र को देखते हुये राजकीय अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करें, मुख्यालय नहीं छोडें। इसके साथ साथ राजकीय कार्यालय, विद्यालय, आंगनबाडी आदि के भवनों की छत में पानी की निकासी व्यवस्था, छतों की साफ-सफाई, लीकेज, सीपेज, बिजली के तारों की फिटिंग, भवनों की दरारे, छत के गाटरों की दीवारों इत्यादि की नियमित निगरानी बनाये रखें। जहां-जहां भी मरम्मत की आवश्यकता है उचित प्रस्ताव बनाकर सक्षम स्तर को भिजवाये एवं शीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण करवायें। जहां भी इमारते जर्जरता के कारण संबंधित गतिविधियां संचालित करने की स्थिति नही हैं वहां वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

जर्जर भवनों को नियमानुसार कार्यवाही कर जमींदौज करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करने, पेंडिंग चल रहे कार्यों का निस्तारण करने, सहायता के प्रकरणों का निस्तारण करने, बारिश के दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जल भराव संबंधी समस्याओं का निस्तारण करने, जल भराव क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता और आवश्यक सेवाओं को सुचारू रखने, इस दौरान प्रभावित लोगों को पेयजल व खाद्य सामग्री सहित जरूरी वस्तुओं की कमी नही होने देने, फील्ड भ्रमण करने तथा आपदा प्रबंध में जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी एवं एडवायजरी आमजन तक पहुंचाने, आकाशीय बिजली एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओ से बचाव हेतु पुरी तरह सतर्क रहने, जल भराव क्षेत्रों, नदी, नालों पुलों को पार करने से बचने के निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिये।

जिला कलेक्टर ने बैठक के दौरान बजट-घोषणाओं, कृषि, सड़क, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग, नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की स्वच्छता, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन, नए स्वीकृत एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की साथ ही जलभराव के कारण क्षितठास्त हुई सड़कों सहित और इन समस्त कार्यों को तय समय सीमा में निर्धारित गुणवत्ता मानकों के साथ संपादित करने के निर्देश पीडबल्यूडी के अधीक्षण अभियंता जयलाल मीना को दिए।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ जयंतीलाल मीना को स्क्रब टाईफ्रस, डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम, सरकारी अस्पतालों व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता बढ़ाने, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उच्चस्तरीय सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जिससे आमजन निजी अस्पतालों से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को तरजीह दे सकें। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी को जिले में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति के निर्देश देते हुए कहा कि वे उनके विभाग के अन्तर्गत जलापूर्ति के लिए मौजूद समस्त आवश्यक उपकरणों का नियमित रूप से रखरखाव एवं मरम्मत के माध्यम से सुचारू संचालन सुनिश्चित करें।